8. (क) अपने कॉलेज के प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में हिन्दी की पत्रिकाओं का समुचित प्रबन्ध करवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

(ख) अपने मित्र को गर्मी की छुट्टियों में अपने पास बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए।

Exam. Code : 103201
Subject Code : 1018

B.A./B.Sc. 1st Semester (Batch 2021-24)

HINDI ELECTIVE

(Adhunik Kavita, Vyakaran Tatha Anuvad)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

सूचना :— प्रत्येक भाग में से कम से कम **एक** प्रश्न का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न करें। **पाँचवा** प्रश्न किसी भी भाग में से किया जा सकता है। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

भाग—क

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) वे मेदिनी-तल में सुकृत के बीज बोते थे सदा।
पर-दुख देख दयालता से द्रवित होते थे सदा।।
थे सत्व-शुभ्रांश, से तम-ताप खोते थे सदा।
निश्चिन्त विर्घ-विहीन सुख की नींद सोते थे सदा।।
वे आर्य ही थे जो कभी अपने लिए जीते न थे।
वे स्वार्थ-रत हो मोह की मदिरा कभी पीते न थे।।

(ii) नियम और उपनियमों के ये
बंधक टूक-टूक हो जाएँ,
विश्वंभर की पोषक वीणा
के सब तार मूक हो जाएँ।

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) प्रकृति के यौवन का शृंगार,
करेंगे कभी न बासी फूल,
मिलेंगे वे जाकर अति शीघ्र
आह उत्सुक है उनकी धूल।
पुरातनता का यह निर्मोक
सहन करती न प्रकृति पल एक,
नित्य नूतनता का आनंद
किये है परिवर्तन में टेक।

(ii) भाषा की शक्ति
यह नहीं कि उसके सहारे
सम्प्रेषण होता है
शक्ति इसमें है कि उसके सहारे
पहचान का वह संबंध बनता है जिसमें
सम्प्रेषण सार्थक होता है।

भाग—ख

3. मैथिलीशरण गुप्त के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालें।

4. शमशेर बहादुर सिंह की कविताओं का उद्देश्य स्पष्ट करें।

भाग—ग

5. सर्वनाम की परिभाषा देते हुए इसके प्रकारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें।

6. क्रिया की परिभाषा देते हुए इसके प्रकारों पर प्रकाश डालें।

भाग—घ

7. (क) अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताओं पर चर्चा करें।

(ख) निम्नलिखित शब्दों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करें :—

(i) Academic
(ii) Assurance
(iii) Confidential
(iv) Consumer
(v) Estimate
(vi) Honorary
(vii) Increment
(viii) Junior
(ix) Ratio
(x) Unavoidable.